


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Aligarh News: डिफेंस कॉरिडोर फेज-2 के भूमि अधिग्रहण पर 10 जून को जनसुनवाई

अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर परियोजना के फेज-2 को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। प्रशासन ने गांव जसरथपुर और चुलूपुर सिहोर में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के संबंध में सामाजिक प्रभाव निर्धारण (Social Impact Assessment) अध्ययन रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम-2013 के तहत तैयार की गई है। जानकारी के अनुसार, परियोजना के लिए कुल 8.7290 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी प्रस्तावित है। रिपोर्ट तैयार करने से पहले ग्रामीण स्तर पर प्रभावित लोगों और स्थानीय नागरिकों से परामर्श किया गया, जिसके आधार पर सामाजिक प्रभावों का आकलन किया गया है। अब इस रिपोर्ट पर जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की आपत्तियां और सुझाव भी लिए जाएंगे। एसडीएम कोल महिमा सिंह ने बताया कि प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण से संबंधित जनसुनवाई 10 जून को सुबह 11 बजे चुलूपुर सिहोर गांव में आयोजित की जाएगी।



इस दौरान प्रभावित भू-स्वामी, ग्रामीण और अन्य इच्छुक नागरिक अपनी राय प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। जनसुनवाई के बाद प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को अंतिम प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। प्रशासन ने रिपोर्ट को सार्वजनिक अवलोकन के लिए उपलब्ध करा दिया है। इसकी प्रतियां जिलाधिकारी कार्यालय, भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कोल कार्यालय और संबंधित ग्राम प्रधानों के पास रखी गई हैं। इसके अलावा जिले की आधिकारिक वेबसाइट और यूपीडा पोर्टल पर भी रिपोर्ट देखी जा सकती है। अधिकारियों ने प्रभावित किसानों और भूमि स्वामियों से अपील की है कि वे रिपोर्ट का अध्ययन करें और यदि कोई सुझाव या आपत्ति हो तो जनसुनवाई में भाग लेकर अपनी बात रखें। डिफेंस कॉरिडोर परियोजना को क्षेत्र के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, इसलिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सहभागितापूर्ण बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## Aligarh News: महंगाई की गुगली खेल और फिटनेस उपकरण हुए महंगे



मालभाड़े और कच्चे माल की कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण कंपनियों ने खेल उपकरणों के दाम बढ़ा दिए हैं। क्रिकेट बैट, लेदर बॉल, बैडमिंटन रैकेट, डम्बल और जिम वेट प्लेट्स समेत अधिकांश सामान महंगा हुआ है।खेल प्रशिक्षकों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में जिम और खेल प्रशिक्षण केंद्रों की फीस पर भी इसका असर पड़ सकता है। ऐसे में फिटनेस और खेल गतिविधियों को जारी रखना खिलाड़ियों के लिए पहले की तुलना में अधिक खर्चीला साबित हो सकता है।

अलीगढ़ में बढ़ती महंगाई का असर अब खेल और फिटनेस उपकरणों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। पिछले सात महीनों में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल और जिम उपकरणों की कीमतों में करीब 7 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। शहर में फिटनेस और खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच यह महंगाई चिंता का विषय बन रही है। वर्तमान में अलीगढ़ में 150 से अधिक जिम और 50 से ज्यादा खेल मैदान संचालित हैं, जहां बड़ी संख्या में युवा नियमित रूप से अभ्यास और फिटनेस गतिविधियों में भाग लेते हैं। खेल कारोबारियों के अनुसार दिल्ली, मेरठ और अन्य बड़े बाजारों से आने वाले सामान की लागत बढ़ गई है।

## अलीगढ़ में आसान पेपर देख अभ्यर्थियों के खिले चेहरे



अलीगढ़ में रविवार को सहायक आचार्य परीक्षा और बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सहायक आचार्य परीक्षा में 7,741 में से 4,316 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि बीएड प्रवेश परीक्षा में 6,349 में से 5,696 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा देकर निकले अधिकांश अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को आसान बताया। उनका कहना था कि सामान्य अध्ययन और विषय आधारित सवाल संतुलित और तैयारी के अनुरूप थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन के अनुसार दोनों परीक्षाएं बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों के चेहरों पर संतोष नजर आया। कई छात्रों ने कहा कि पेपर उम्मीद से आसान रहा, जिससे अच्छे परिणाम की उम्मीद बढ़ गई है।

## Aligarh News: तंबाकू से हर साल 13.5 लाख लोगों की मौत, युवाओं को किया जागरूक




विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आईएमए अलीगढ़ ने जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बताया गया कि भारत में हर साल करीब 13.5 लाख लोगों की मौत तंबाकू सेवन से होती है। विशेषज्ञों ने कहा कि बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, खैनी और ई-सिगरेट कैंसर व हृदय रोगों का बड़ा कारण हैं। युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू की लत रोकने के लिए परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया।



# Aaj Ka Rashifal 1 June

## मेष और वृषभ समेत इन पांच राशि वालों को धन लाभ के योग,



01 June Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 01 जून 2026 का राशिफल। आज नए माह जून की शुरुआत शुभ योग में है और आज के दिन चंद्रमा का गोचर वृश्चिक राशि में होगा। आज के दिन ज्येष्ठा नक्षत्र और सिद्ध योग के साथ कई राशि वालों को अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। करियर-कारोबार में कुछ नया करने का मौका कुछ राशि वालों को होगा।

### मेष

आज आपकी मेहनत और लगन ऑफिस में सबका ध्यान खींचेगी। बॉस आपके काम से इतने प्रभावित रहेंगे कि प्रमोशन को लेकर चर्चा भी शुरू हो सकती है। प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में थोड़ा सतर्क रहना जरूरी होगा, क्योंकि छोटी सी लापरवाही नुकसान दे सकती है। कुछ छुपे हुए विरोधी आपके काम बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए हर कदम सोच-समझकर बढ़ाएं। परिवार की बातें घर तक ही सीमित रखें, तभी रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। घूमने-फिरने और अनावश्यक खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखना आपके लिए बेहतर रहेगा।

### वृषभ

आज का दिन धन और खुशियों की बरसात लेकर आया है। रुका हुआ पैसा वापस मिलने से मन हल्का और प्रसन्न रहेगा। बिजनेस में नई योजनाओं पर निवेश करना भविष्य में शानदार लाभ दे सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए भी अच्छे संकेत बन रहे हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ा अनुशासन और सख्ती दिखानी होगी, तभी मनचाहा परिणाम मिलेगा।

### मिथुन

आज का दिन सामान्य लेकिन संतुलित रहेगा। परिवार में किया हुआ कोई पुराना वादा पूरा करने का समय आ गया है। लंबे समय बाद किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है, लेकिन बीती बातों को दोहराने से बचें। कहीं घूमने-फिरने का प्लान भी बन सकता है। अपने आसपास के लोगों से निजी बातें साझा करने में सावधानी रखें। कोई कानूनी मामला थोड़ी चिंता बढ़ा सकता है, इसलिए हर दस्तावेज और फैसले पर ध्यान दें।

### कर्क

आज आपका मान-सम्मान और प्रभाव दोनों बढ़ने वाले हैं। हालांकि कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी से कहासुनी होने की संभावना है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। पिता की कोई बात आपको थोड़ी चुभ सकती है, लेकिन समझदारी इसी में होगी कि बात को आगे न बढ़ाएं। जल्दबाजी और भावुकता में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है। पैसों के लेन-देन में विशेष सावधानी रखें और बिना सोचे किसी नए काम में हाथ डालने से बचें।

### सिंह

आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव और पढ़ाई के दबाव से राहत मिलेगी। किसी धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है, जहां नए और प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। दूसरों के मामलों में बेवजह बोलने से बचें, वरना परेशानी बढ़ सकती है। यदि आपने किसी को उधार दिया था, तो उसके वापस मिलने की संभावना है। हालांकि जल्दबाजी में लिया गया कोई फैसला बाद में सिरदर्द बन सकता है।

### कन्या

आज प्रॉपर्टी और बिजनेस से जुड़े मामलों में किस्मत आपका साथ देगी। किसी बड़ी डील को लेकर आप महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। खास लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगी। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए। परिवार में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है, जिससे घर में उत्साह बना रहेगा। नए काम की शुरुआत आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है।

### तुला

आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बेहद खास रहेगा। मनपसंद काम मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा और भाई-बहनों का सहयोग भी आपको मजबूती देगा। घर के बड़े सदस्यों के साथ बिताया गया समय आपकी कई परेशानियों का समाधान निकाल सकता है। वाहन की खराबी अचानक खर्च बढ़ा सकती है। छोटे बच्चों की सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी बरतना जरूरी होगा। परिवार का साथ आपको मानसिक शांति देगा।

### वृश्चिक

आज आपके आसपास का माहौल बेहद खुशनुमा रहेगा और आपके चेहरे की चमक सबका ध्यान खींचेगी। जीवनसाथी नौकरी के सिलसिले में कहीं बाहर जा सकते हैं, इसलिए उनसे बातचीत में समझदारी रखें। शेयर मार्केट में बिना एक्सपर्ट सलाह के निवेश करना भारी पड़ सकता है। बिजनेस की परेशानियों को लेकर आपने जो चर्चा की थी, उसका समाधान मिलने की संभावना है। दिन धीरे-धीरे आपके पक्ष में होता नजर आएगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात आपके भविष्य के लिए नए रास्ते खोल सकती है। आसपास के लोगों को पहचानकर चलना जरूरी होगा, क्योंकि हर मुस्कुराता चेहरा सच्चा नहीं होता। सिंगल लोगों के जीवन में प्यार की एंट्री हो सकती है और दिल रोमांस से भर जाएगा। घर के लिए नई चीजें खरीदने का मन बनेगा, लेकिन खर्च करते समय बजट का ध्यान रखें। दिखावे से दूर रहेंगे, तो मन भी शांत रहेगा।

### मकर

आज का दिन दोस्तों और अपनों के साथ हंसी-मजाक और मौज-मस्ती में बीतेगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे निभाने की पूरी कोशिश करेंगे। मन में ईर्ष्या या द्वेष जैसी भावनाएं रखने से रिश्तों में दूरी आ सकती है, इसलिए दिल साफ रखें। कोई सरकारी मामला जो लंबे समय से अटका हुआ था, उसमें अब मेहनत बढ़ानी पड़ सकती है। धैर्य और समझदारी से काम लेंगे, तो रास्ते खुलते जाएंगे।

### कुंभ

आज का दिन आपको सफलता की ओर आगे बढ़ाने वाला रहेगा। सेहत को नजरअंदाज करना नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए शरीर के संकेतों को समझें। किसी रिश्तेदार की बात दिल को ठेस पहुंचा सकती है। माता की सेहत को लेकर भी थोड़ी चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक बिजनेस में उतार-चढ़ाव के कारण भाइयों से चर्चा करना जरूरी होगा। किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें, वरना परेशानी में पड़ सकते हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी सकारात्मक सोच आपको दूसरों से आगे ले जाएगी। नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। मन भगवान की भक्ति और आध्यात्म में डूबा रहेगा। हालांकि संतान के करियर को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है। घर में किसी मेहमान के आने से माहौल खुशनुमा हो जाएगा। किसी योजना में पैसा लगाने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करें और दूसरों के बहकावे में आने से बचें।

## UP: पहली बार पटकते ही खुल गए सिर के जोड़, गर्दन टूटी, आरव की छाती की पसलियां चकनाचूर; हैवानियत देख कांपे डॉक्टर









फिरोजाबाद में सनकी का शिकार हुए मासूम आरव का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम में हैवानियत की कड़वी सच्चाई सामने आई है। मासूम का हाल देखकर पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर को कांप गए। रिपोर्ट के अनुसार, पहली बार पटकते ही आरव के सिर के जोड़ खुल गए थे। गर्दन टूट चुकी थी। सिर और छाती की सभी पसलियां चकनाचूर मिलीं हैं। शरीर पर खुली चोट का कोई निशान नहीं था। दूसरी या तीसरी पटक में ही मौत हो गई थी।यूपी के फिरोजाबाद के शिकोहाबाद के चर्चित आरव हत्याकांड में रविवार को जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर मासूम के शव का पोस्टमार्टम हुआ। डॉक्टरों के द्वारा की गई इस जांच में हैवानियत की जो कड़वी सच्चाई सामने आई है, उसने डॉक्टरों को भी झकझोर कर रख दिया। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी की बर्बरता के कारण डेढ़ साल के आरव के सिर और छाती की सभी हड्डियां पूरी तरह चकनाचूर हो चुकी थीं। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने चोटों की तीव्रता के आधार पर अनुमान लगाया है कि जब आरोपी विराज ने मासूम को पहली बार हवा में उछालकर पक्की सड़क पर दे मारा, तभी आरव के स्कैल्प (खोपड़ी) के सभी जोड़ खुल गए थे और वह तुरंत अचेत (बेहोश) हो गया था। इसके बाद दूसरी या तीसरी पटक में ही उसकी मौत हो गई होगी। रिपोर्ट में एक चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बच्चे के शरीर पर बाहर से किसी भी खुली चोट या खून बहने का कोई निशान नहीं पाया गया। आरोपी ने मासूम को इस कदर बेरहमी से पटका कि बाहर जख्म दिखने के बजाय उसके शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भारी तबाही मची।

## यूपी: प्रदेश में कहर बनकर टूटी आंधी-बारिश, 28 लोगों की दर्दनाक मौत; कई इलाकों में खंभे गिरने से बिजली प्रभावित





यूपी में शुक्रवार को हुई बारिश और चले तूफान से गर्मी से तो राहत मिली है लेकिन इसके चलते अलग-अलग जिलों में 28 लोगों की मौत हो गई। नौतपा की भीषण गर्मी के बीच बृहस्पतिवार देर रात और शुक्रवार को प्रदेश में आंधी-बारिश ने कहर बरपाया। लखनऊ समेत पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों और तराई क्षेत्रों में आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। इससे कच्चे मकानों की दीवारें गिर गईं। टिनशेड उड़ गए। सैकड़ों पेड़ गिर गए। खंभे गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस बीच अलग-अलग जिलों में हुए हादसों और बिजली गिरने से प्रदेश भर में 28 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौसम के कारण भारी तबाही का संज्ञान लेते हुए सभी डीएम को बचाव कार्य तेज करने, नुकसान का आकलन करने और राहत राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं।रायबरेली में मकान के टिनशेड के नीचे दबकर शकुंतला (50) की मौत हो गई। अंबेडकरनगर में बिजली गिरने से केदारनगर के इंद्रजीत (50) की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 10 मौतें बुंदेलखंड में हुईं। इनमें बांदा-हमीरपुर में तीन-तीन, महोबा उरई में दो-दो लोगों की मौत हुई। इसके अलावा मथुरा, उन्नाव, फतेहपुर में एक-एक व्यक्ति की जान गई। कौशाम्बी में चार, प्रतापगढ़ में एक की जान गई। आजमगढ़, बलिया और भदोही में एक- एक व्यक्ति की मौत हुई है। देवरिया में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। कच्चे मकान की दीवार गिरने से आगरा में एक रिक्शाचालक की मौत हुई है।

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त







## 'वाराणसी' की शूटिंग के बीच प्रियंका चोपड़ा ने अपने लिए निकाला वक्त स्वीमिंग पूल में बिताए फुरसत के पल

Priyanka Chopra: प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग में बिजी हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इससे अंदाजा लग रहा है कि उन्होंने काम के बीच अपने लिए थोड़ा वक्त निकाला है। मशहूर अभिनेत्री अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। वह इन दिनों हैदराबाद में इस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच उन्होंने वीकएंड पर अपने लिए वक्त निकाला। सोशल मीडिया पर उन्होंने फैंस को अपने रूटीन की एक झलक दिखाई।

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर कई फोटो और वीडियो शेयर किए, जिनमें दिखाया गया कि उन्होंने कैमरों से दूर अपना दिन कैसे बिताया। स्विमिंग से लेकर सेल्फ-केयर सेशन तक, प्रियंका काम पर लौटने से पहले अपने खाली समय का पूरा फायदा उठाती नजर आईं। तस्वीरों में, एक्ट्रेस को एक पूल के किनारे काले रंग के स्विमवियर में पोज देते हुए और गर्मियों का मजा लेते हुए देखा गया। उन्होंने अपने स्विमिंग सेशन का एक वीडियो भी शेयर किया, जिससे उनके आराम भरे दिन की एक झलक मिली। पूल के किनारे बिताए पलों के साथ-साथ प्रियंका ने अपने स्किनकेयर रूटीन की तस्वीरें भी पोस्ट कीं।

एक तस्वीर में वह फेस मास्क लगाए हुए नजर आईं। एक और तस्वीर में उन्हें जामुन का मजा लेते हुए भी दिखाया गया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'संडे का सही इस्तेमाल हो गया, अब गर्मियों का स्वागत है प्रियंका अभी एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं, जबकि प्रियंका मंदाकिनी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। 'वाराणसी' अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बताया जा रहा है कि प्रियंका इन दिनों हैदराबाद में फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग कर रही हैं। लंबे समय बाद भारतीय सिनेमा में उनकी वापसी को लेकर भी दर्शकों में खासा उत्साह है। तस्वीरों और वीडियो में प्रियंका पूल में एन्जॉय करती दिखीं। इसके अलावा उन्होंने फलों का स्वाद लिया, स्किनकेयर रूटीन फॉलो किया और आईपीएल फाइनल का भी लुत्फ उठाया। उनकी पोस्ट को फैंस ने खूब पसंद किया और कमेंट्स के जरिए प्यार बरसाया। बॉलीवुड अभिनेत्री Priyanka Chopra इन दिनों निर्देशक S. S. Rajamouli की बहुप्रतीक्षित फिल्म Varanasi की शूटिंग में व्यस्त हैं। व्यस्त शेड्यूल के बीच प्रियंका ने अपने लिए कुछ समय निकाला

## वीकएंड पर कैसा रहा 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का कलेक्शन? करुप्पु' और 'दृश्यम 3' की कमाई में आया उछाल



Box Office Collection: इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में लगी हुई हैं। इस बीच जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' भी रिलीज हो गई है। आइए जानते हैं इन सभी फिल्मों ने रविवार को कितना कलेक्शन किया है। सिनेमाघरों में हाल ही में जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में बॉलीवुड की फिल्में, पति-पत्नी और वो दो' और 'चांद मेरा दिल' पहले से चल रही हैं। वहीं साउथ की फिल्में 'करुप्पु' और 'दृश्यम 3' भी बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचा रही हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि रविवार को कौन सी फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। नई रिलीज हुई फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' ने तीसरे दिन यानी रविवार को 56 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इससे पहले इसने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। पहले दिन फिल्म ने 25 लाख रुपये से खाता खोला था। फिल्म का टोटल कलेक्शन 1.31 करोड़ रुपये हो गया है। यह 29 मई 2026 को थिएटर में रिलीज हुई थी। ये बच्चों की फिल्म है, जो एलियंस और सुपरहीरो पर आधारित है। लक्ष्य और अनन्या पांडे की अदाकारी वाली फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से यह फिल्म ज्यादा खास कमाल नहीं दिखा पाई है। रविवार को इसने 1.80 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 24.32 करोड़ रुपये हो गया है। आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी की मल्टीस्टारर फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' भी बॉक्स ऑफिस पर अब सुस्त हो गई है। फिल्म ने रविवार को दो करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।


## IPL 2026: 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने जीती ऑरेंज कैप गिल-सुदर्शन को छोड़ा पीछे




आईपीएल 2026 का सीजन कई यादगार प्रदर्शनों के लिए याद रखा जाएगा, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय बल्लेबाज Vaibhav Sooryavanshi की रही। युवा बल्लेबाज ने अपने शानदार खेल से न केवल क्रिकेट जगत को प्रभावित किया, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप भी अपने नाम कर ली। वैभव ने 16 मैचों में 776 रन बनाए और सीजन के शीर्ष रन स्कोरर रहे। ऑरेंज कैप की दौड़ में Shubman Gill और Sai Sudharsan भी मजबूती से बने हुए थे। गुजरात टाइटंस के दोनों बल्लेबाजों ने पूरे सीजन बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल मुकाबले में बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। गिल ने 16 मैचों में 732 रन और सुदर्शन ने 17 मैचों में 722 रन बनाए, जबकि वैभव का रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ सका। वैभव सूर्यवंशी का यह प्रदर्शन इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने महज 15 साल की उम्र में अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। इस सीजन उनके बल्ले से एक शतक और पांच अर्धशतक निकले। उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा, जो टूर्नामेंट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में उन्हें शामिल करता है। उनकी बल्लेबाजी ने कई मैचों का रुख बदला और राजस्थान रॉयल्स को क्वालिफायर-2 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। आईपीएल में ऑरेंज कैप हर सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को दी जाती है। यह पुरस्कार किसी बल्लेबाज की निरंतरता, फॉर्म और पूरे टूर्नामेंट में उसके प्रभाव को दर्शाता है।

## Virat-Anushka: RCB की जीत पर जश्न में डूबे विराट और अनुष्का, तस्वीरें हुईं वायरल

आईपीएल 2026 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस जीत में विराट कोहली की अहम भूमिका रही, वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी पूरे मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाती नजर आईं। जीत के बाद दोनों के कई भावुक और खुशनुमा पल कैमरों में कैद हुए, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। मैच के दौरान विराट कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद स्टैंड्स में बैठी अनुष्का शर्मा की ओर फ्लाइंग किस भेजी। जवाब में अनुष्का ने भी मुस्कुराते हुए विराट की ओर फ्लाइंग किस भेजी। यह खूबसूरत पल फैंस को काफी पसंद आया और कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में दोनों के बीच दिखी यह बॉन्डिंग चर्चा का विषय बन गई। खिताबी जीत के बाद मैदान पर विराट और अनुष्का साथ नजर आए।





दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते हुए बेहद खुश दिखाई दिए। विराट ने प्यार से अनुष्का के कंधे पर हाथ रखा और दोनों ने आईपीएल ट्रॉफी के साथ कई तस्वीरें खिंचवाईं। कैमरों के सामने कपल ने विक्ट्री साइन बनाकर पोज दिए और जीत की खुशी खुलकर जाहिर की। एक तस्वीर में विराट और अनुष्का ट्रॉफी को गौर से देखते नजर आए। बताया जा रहा है कि ट्रॉफी पर आरसीबी का नाम दो बार दर्ज होने की बात देखकर दोनों मुस्कुरा पड़े। मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों और टीम स्टाफ के साथ भी उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। जीत की खुशी में विराट अपने फैंस को भी नहीं भूले। उन्होंने मैदान से दर्शकों का अभिवादन किया और टीम को समर्थन देने के लिए उनका आभार जताया। फैंस भी लगातार विराट और अनुष्का के नाम के नारे लगाते रहे, जिससे स्टेडियम का माहौल और भी खास बन गया।

# बदलती यील्ड का खेल:

## डेट फंड की गिरती एनएवी का सच जानिए बाजार के इस चक्रव्यूह में छुपा है कमाई का मौका




ब्याज दरें बढ़ने से बाजार में पुराने बॉन्ड की कीमतें गिरने के कारण लंबी अवधि के डेट फंडों की एनएवी पर दबाव दिख रहा है, जिससे निवेशक असमंजस में हैं। 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड की यील्ड सात फीसदी के पार जाने से उपजे इस मार्क-टू-मार्केट प्रभाव के बीच एक्सपर्ट्स शॉर्ट-टर्म लक्ष्यों के लिए मनी मार्केट या अल्ट्रा शॉर्ट ड्यूरेशन फंड्स की सलाह दे रहे हैं।नोएडा के आरजी रेजीडेंसी में रहने वाले दिव्यांशु ने जब अपनी गाढ़ी कमाई को पूरी तरह सुरक्षित मानकर लंबी अवधि के डेट फंड में लगाया, तो उन्हें उम्मीद थी कि फिक्स्ड डिपॉजिट से थोड़ा बेहतर और स्थिर रिटर्न मिलेगा। पिछले हफ्ते जब उन्होंने अपना पोर्टफोलियो स्टेटमेंट खोला, तो उनकी आंखें फटी रह गईं- फंड की एनएवी बढ़ने के बजाय नीचे गिर रही थी। जिस निवेश को उन्होंने पूंजी की सुरक्षा का सबसे मजबूत किला माना था, वहां नुकसान दिखाई दे रहा था।आखिर इस सुरक्षित किले में यह सेंध कैसे लगी? इस नुकसान के पीछे आपके म्यूचुअल फंड या स्कीम की कोई खराबी नहीं है,

### क्या है एनएवी गिरने की वजह

ब्याज दरों और पुराने बॉन्ड की कीमतों में हमेशा छत्तीस का आंकड़ा होता है। जब ब्याज दरें बढ़ती हैं, तो बाजार में मौजूद पुराने बॉन्ड की कीमतें नीचे गिर जाती हैं। इसका सीधा कारण है कि नए निवेशकों को बाजार में अधिक ब्याज देने वाले नए बॉन्ड आसानी से उपलब्ध होते हैं। ऐसे में कम ब्याज देने वाले पुराने बॉन्ड कोई क्यों खरीदेगाइसी वजह से, पुराने बॉन्ड की मांग कम हो जाती है और वे कम आकर्षक लगने लगते हैं। चूंकि सभी डेट म्यूचुअल फंड अपने पोर्टफोलियो में मौजूद इन बॉन्डों का रोजाना के बाजार भाव पर मूल्यांकन करते हैं, इसलिए बॉन्ड की कीमतों में आने वाली इस गिरावट का सीधा असर फंड की एनएवी पर पड़ता है। वित्तीय भाषा में इसे मार्क-टू-मार्केट प्रभाव कहते हैं।पिछले कुछ महीनों में रुपये की कमजोरी, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के चलते कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने वित्तीय बाजारों पर दबाव बहुत बढ़ा दिया है।इसी का नतीजा है कि भारत में 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड की यील्ड अब 7 फीसदी के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर चुकी है,

# बदल गया है आयकर रिटर्न फॉर्म

## जल्दबाजी में सबमिट किया तो आ सकता है नोटिस, जानें दाखिल करने से पहले की चेकलिस्ट




वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न भरने की शुरुआत हो चुकी है। लेकिन ठहरिए! नए आयकर कानून के पूर्ण क्रियान्वयन के साथ इस बार फॉर्म्स के भीतर ऐसे गहरे बदलाव किए गए हैं, जिन्हें समझे बिना अगर आपने जल्दबाजी में सबमिट का बटन दबाया, तो आयकर नोटिस आना लगभग तय है। आयकर रिटर्न फॉर्म में हुए बदलावों का उद्देश्य टैक्स रिपोर्टिंग को डाटा-संचालित, मानकीकृत और मिलान करने में आसान बनाना है। लीजिए, साल का वह वक्त फिर आ गया है, जब आपको अपनी जेब, बैंक स्टेटमेंट्स और कमाई का पूरा हिसाब-किताब एक जगह समेट कर बैठना होगा।पहले यदि आपके पास एक से अधिक मकान से किराये की आय होती थी, तो आप सीधे बड़े फॉर्म्स के चक्कर में फंस जाते थे। अब सरकार ने ITR-1 और ITR-4 दोनों का दायरा बढ़ा दिया है। अब दो मकानों से आय रखने वाले करदाता भी इन सरल फॉर्म्स के जरिये अपना टैक्स भर सकते हैं।छोटे व्यापारियों, फ्रीलांसर्स और कंसल्टेंट्स के लिए भरा जाने वाला आईटीआर-4 (सुगम) इस बार काफी सख्त और विस्तृत हो गया है। वित्तीय विवरणों के कॉलम में अब तक बैंक खाते का बैलेंस बताना वैकल्पिक था। इस बार इसे अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही संपत्तियों वाले हिस्से में आपके निवेश को पूछने के लिए भी नया फील्ड जोड़ा गया है। अब तक जो लोग आधार कार्ड न होने पर आधार नामांकन आईडी का इस्तेमाल कर लेते थे, उनके लिए रास्ते बंद हो चुके हैं। अब सिर्फ वास्तविक आधार नंबर ही स्वीकार किया जाएगा।

# June Rule Change:

## 1 जून से क्या-क्या बदल गया? UPI, कार टैक्स और सोलर पैनल से जुड़े पांच बड़े बदलाव




जून महीने की शुरुआत के साथ आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और फाइनेंशियल प्लानिंग से जुड़े कई बड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इन बदलावों का असर गैस सिलेंडर की कीमतों से लेकर डिजिटल पेमेंट और बैंकिंग सेवाओं तक दिखाई देगा। ऐसे में 1 जून से पहले इन बदलावों को जानना जरूरी है। यूपीआई ट्रांजेक्शन में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। एक जून से जिस किसी को भी आप यूपीआई से पैसे ट्रांसफर करेंगे, उसका असली बैंक रजिस्टर्ड नाम आपको स्क्रीन पर दिखाई देगा। यूपीआई का परिचालन करने वाली सरकारी एजेंसी नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन (एनपीसीआई) की ओर से यह कदम धोखाधड़ी को कम करने के लिए उठाया गया है। टैक्सपेयर्स के लिए 15 जून अहम तारीख होगी क्योंकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एडवांस टैक्स की पहली किस्त जमा करने की आखिरी तारीख यही है। जिन लोगों की अनुमानित टैक्स देनदारी 10,000 रुपए से अधिक है, उन्हें कुल एडवांस टैक्स का 15 प्रतिशत जमा करना होगा, अन्यथा ब्याज देना पड़ सकता है।एक जून से मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया जैसी कार कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का एलान किया है। मारुति सुजुकी जून से अपने सभी मॉडल्स की कीमतें 30,000 रुपए तक बढ़ा रही है। बढ़ोतरी मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से अलग होगी। कंपनी ने बढ़ती इनपुट लागत और महंगाई को वजह बताया है। वहीं, हुंडई मोटर इंडिया ने भी अपने पूरे पोर्टफोलियो की कीमतें 12,800 रुपए तक बढ़ाने का ऐलान किया है। इसकी वजह कंपनी ने कच्चे माल, कमोडिटी और ऑपरेशनल कॉस्ट बढ़ने को बताया है।

# पुराने लोन पर चाहिए अतिरिक्त पैसा

## काम आएगा टॉप-अप लोन, कम ब्याज और आसान EMI का उठा सकते हैं




अगर अचानक पैसों की जरूरत आ पड़े, तो नए कर्ज के चक्कर में पड़ने के बजाय अपने पुराने चल रहे लोन पर ही बैंक से एक्स्ट्रा पैसे लेना सबसे बेस्ट और सस्ता ऑप्शन है। कम कागजी कार्रवाई और कम ब्याज दर वाले इस लोन का इस्तेमाल घर की मरम्मत, पढ़ाई या मेडिकल इमरजेंसी के लिए किया जा सकता है। क्या है टॉप-अप लोन? जानिएकई बार होम लोन या कोई दूसरा बड़ा कर्ज लेने के बाद अचानक कुछ और पैसों की जरूरत पड़ जाती है। जैसे-मकान की मरम्मत करानी हो, बच्चों की पढ़ाई का खर्च आ गया हो, अचानक अस्पताल का बिल चुकाना हो या व्यापार का विस्तार करना हो। ऐसे समय में बिल्कुल नया कर्ज लेने के चक्कर में पड़ने के बजाय, आपका मौजूदा बैंक ही आपको एक विशेष सुविधा देता है, जिसे टॉप-अप लोन कहा जाता है।यह कोई नया कर्ज नहीं है, बल्कि आपके पुराने चल रहे कर्ज के ऊपर मिलने वाली एक अतिरिक्त रकम है। चूंकि आप पहले से ही उस बैंक के ग्राहक हैं, इसलिए बैंक के पास आपके आय के दस्तावेज, पहचान पत्र और आपके कर्ज चुकाने का पुराना रिकॉर्ड मौजूद होता है। बैंक को नए सिरे से आपकी जांच नहीं करनी पड़ती, इसलिए यह पैसा बहुत जल्दी और कम कागजी कार्रवाई के साथ मिल जाता है।अतिरिक्त सुविधा को देने से पहले बैंक सिर्फ तीन बातें देखता है- आपने पुराने कर्ज की सभी किस्तें समय पर चुकाई हों, आपकी आमदनी स्थिर हो और आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा हो। अगर कर्ज किसी मकान या जमीन के बदले लिया गया है, तो बैंक यह भी देखता है कि उस संपत्ति की बाजार में आज की कीमत कितनी है। यह अतिरिक्त रकम भी आपको हर महीने ईएमआई के रूप में ही वापस चुकानी होती है।

# खिताबी जीत के पल: पत्नी अनुष्का के साथ जमकर झूमे विराट कोहली फोटोज में देखें किस तरह चैंपियंस ने मनाया जश्न



आरसीबी की खिताबी जीत के बाद टीम के खिलाड़ियों ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान खिलाड़ियों की पत्नी भी मैदान पर मौजूद रहीं। ना सिर्फ मैदान पर बल्कि टीम होटल में भी जश्न जारी रहा। आइए देखें आरसीबी की जीत के बाद जश्न के पल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 155 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी ने 18 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीता। आरसीबी तीसरी टीम है जिसने आईपीएल के खिताब का बचाव किया है। आरसीबी की इस जीत के हीरो विराट कोहली रहे जिन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के लिए कोहली के साथ वेंकटेश अय्यर पारी की शुरुआत करने उतरे। वेंकटेश इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे। इन दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से खेलना शुरू किया और गुजरात के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। वेंकटेश और कोहली के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई, लेकिन पांचवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने वेंकटेश को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वेंकटेश 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (1), कप्तान रजत पाटीदार (15) और क्रुणाल पांड्या (1) के विकेट गंवाए। आरसीबी ने 91 के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे और लग रहा था कि यहां से गुजरात मैच फंसा सकती है, लेकिन सामने कोहली खड़े थे और उन्होंने गुजरात के गेंदबाजों का बेहतरीन तरीके से सामना किया। कोहली 42 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि जितेश शर्मा 11 रन बनाकर नाबाद लौटे।



इस खिताबी जीत के बाद आरसीबी के खिलाड़ी जश्न में डूबे। आरसीबी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें जीत के बाद खिलाड़ी टीम होटल में ढोल की धुन पर थिरकते दिखाई दे रहे हैं। कप्तान रजत पाटीदार काफी देर तक नाचते रहे और जश्न में पूरी तरह डूब गए। इसके बाद टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी जमकर ढोल की धुन पर डांस किया। आरसीबी की ये जीत कोहली के लिए काफी खास रही है। उन्होंने अंत तक टिके रहकर टीम को जीत दिलाई। खिताबी जीत के बाद कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ जमकर जश्न मनाया। वहीं, भुवनेश्वर कुमार भी पत्नी और बच्चों के साथ ट्रॉफी पकड़े नजर आए। आरसीबी के खिलाड़ियों ने कोच एंडी फ्लावर को बर्फ से नहला दिया।



# 'आप कितना दूध पीते हो?': शास्त्री के सवाल पर वैभव सूर्यवंशी का जवाब वायरल अवॉर्ड सेरेमनी में बटोरी सुर्खियां



आईपीएल 2026 में 776 रन बनाकर पांच बड़े व्यक्तिगत पुरस्कार जीतने वाले 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अवॉर्ड सेरेमनी में भी चर्चा का केंद्र रहे। रवि शास्त्री के दूध पीने संबंधी सवाल पर उनका मजेदार जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वैभव ने इस सीजन ऑरेंज कैप समेत कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। आईपीएल 2026 में अपने बल्ले से धमाल मचाने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी फाइनल के बाद आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी में भी आकर्षण का केंद्र रहे। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने उन्हें पूरे सीजन का सबसे बड़ा स्टार बना दिया। वैभव ने इस सीजन मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, ऑरेंज कैप, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन और सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन सहित पांच बड़े व्यक्तिगत पुरस्कार अपने नाम किए। इन उपलब्धियों के साथ उन्होंने एक बार फिर साबित किया कि भारतीय क्रिकेट को एक असाधारण प्रतिभा मिल चुकी है। पुरस्कार लेने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर रवि शास्त्री ने वैभव को बातचीत के लिए मंच पर बुलाया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित शास्त्री ने मजाकिया अंदाज में पूछा कि इतनी कम उम्र में इतनी ताकत आखिर आती कहां से है। वैभव का यह जवाब सुनकर मंच पर मौजूद लोग भी हंस पड़े। सोशल मीडिया पर भी यह बातचीत तेजी से वायरल हो गई वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल इतिहास में नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। वह ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने महज 15 साल और 65 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले यह रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन के नाम था, जिन्होंने 23 साल और 231 दिन की उम्र में ऑरेंज कैप जीती थी। वैभव ने इस सीजन 16 पारियों में 776 रन बनाए और कोई भी बल्लेबाज उनके आंकड़े के करीब नहीं पहुंच सका। वैभव की पहचान इस सीजन सिर्फ रन बनाने तक सीमित नहीं रही। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 72 छक्के जड़े और आईपीएल इतिहास का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। इससे पहले एक सीजन में सबसे ज्यादा 59 छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। वैभव ने उस रिकॉर्ड को काफी पीछे छोड़ते हुए पावर हिटिंग का नया मानक स्थापित कर दिया। 15 साल की उम्र में ऑरेंज कैप, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर और कई अन्य पुरस्कार जीतना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। वैभव सूर्यवंशी ने न सिर्फ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि अपने निडर अंदाज और विस्फोटक बल्लेबाजी से करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों का दिल भी जीता। जिस तरह उन्होंने अपने पहले ही सीजन में दबदबा बनाया है, उसे देखते हुए क्रिकेट जगत उन्हें भविष्य का बड़ा सितारा मान रहा है। अवॉर्ड लेने मंच पर पहुंचे सूर्यवंशी से रवि शास्त्री ने मजाकिया अंदाज में पूछा, "आप कितना दूध पीते हो रोज?" इस पर युवा बल्लेबाज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "मैं अब दूध नहीं पीता। उनके इस जवाब पर मंच पर मौजूद सभी लोग हंस पड़े

# IPL 2026: गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों की बाल-बाल बची जान होटल लौटते वक्त बस में लगी आग जानें कैसे हुआ हादसा



आईपीएल 2026 फाइनल में हार के बाद गुजरात टाइटंस के लिए एक और मुश्किल स्थिति पैदा हो गई जब अहमदाबाद में टीम की बस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। हालांकि सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन खिलाड़ी करीब एक घंटे तक सड़क पर फंसे रहे। आईपीएल 2026 फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार झेलने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को एक बड़े सुरक्षा खतरे का सामना करना पड़ा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम से होटल लौटते समय टीम की बस में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिसके कारण वाहन बीच रास्ते में खराब हो गया। जानकारी के अनुसार बस के अंदर धुआं फैलने लगा, जिसके बाद खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी खिलाड़ी या स्टाफ सदस्य घायल नहीं हुआ। यह घटना रविवार रात उस समय हुई जब गुजरात टाइटंस की टीम बस अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम से होटल की ओर जा रही थी। रास्ते में बस में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके कारण बस में आग लग गई और चारों तरफ धुआं फैल गया। हालात बिगड़ने से पहले ही खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।



हालांकि, आग लगने के बाद टीम के सदस्य करीब एक घंटे तक सड़क पर फंसे रहे और इंतजार करते रहे, जिसके बाद उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई और खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को होटल पहुंचाया गया। हालांकि आग लगने की घटना गंभीर थी, लेकिन समय रहते सभी खिलाड़ियों को बाहर निकाल लेने के कारण बड़ा हादसा टल गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। घटना के बाद संबंधित अधिकारियों ने बस की जांच शुरू कर दी।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

